वर्ष- 02 अंक- 121

छपरा

21 मार्च,शुक्रवार 2025

पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com

E-Paper

website : www.dainikkhojkhabar.live

### सेना के लिए स्वदेशी आर्टिलरी गन सिस्टम खरीदने का रास्ता साफ, सीसीएस की मंजूरी



**नई दिल्ली,एजेंसी।** प्रधानमंत्री की अगुवाई वाली सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) ने सेना के लिए स्वदेशी उन्नत टोड आर्टिलरी गन सिस्टम (एटीएजीएस) हासिल करने के लिए करीब 7,000 करोड़ रुपये के सौदे को मंजूरी दी है। यह सौदा 307 हॉवित्जर के लिए है, जिनकी मारक क्षमता 45-48 किलोमीटर तक है। इस सौदे में सेना की 15 आर्टिलरी रेजिमेंटों को हथियार पहुंचाने वाले 327 गन टोइंग वाहन भी शामिल हैं। इस अनुबंध पर अगले सप्ताह सौदे पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है, जिससे भारीभरकम हॉवित्जर के निर्माण में घरेलू क्षमता को बढ़ावा मिलेगा।

### भाजपा विधायक टी राजा सिंह को जान का खतरा, बुलेटप्रूफ गाड़ी इस्तेमाल करने की सलाह

**हैदराबाद,एजेंसी।** अपने बयानों से चर्चा में रहने वाले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता और तेलंगाना की गोशामहल सीट से विधायक टी राजा सिंह को जान से मारने की धमकियां मिल रही है। ऐसे में खतरे को भांपते हुए पुलिस ने उन्हें बुलेटप्रूफ वाहन और सरकारी सुरक्षा का इस्तेमाल करने की सलाह दी है। गौरतलब है कि हाल ही में टी राजा ने केंद्र सरकार से औरंगजेब के मकबरे के रखरखाव पर हुए खर्च की विस्तृत जानकारी मांगी थी। साथ ही मकबरे पर होने वाले खर्च को तत्काल रोकने की मांग की थी।

नक्सलमुक्त भारत अभियान :

# बस्तर में दो मुठभेड़ में 30 नक्सली मारे गए

## बीजापुर में 26, कांकेर में 4 का एनकाउंटर; शव-हथियार बरामद, फायरिंग जारी

**जगदलपुर,एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बस्तर में दो मुठभेड़ में 30 नक्सली मारे गए हैं। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बीजापुर में 26 और कांकेर में 4 नक्सली मारे गए। मुठभेड़ में DRG (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) का एक जवान शहीद हो गया है।

जानकारी के मुताबिक पहली मुठभेड़ बीजापुर-दंतेवाड़ा बॉर्डर पर नक्सलियों के कोर इलाके में और दूसरी कांकेर-नारायणपुर सीमा पर जारी है।बस्तर IG पी. सुंदरराज ने बताया है कि गुरुवार दोपहर तक दोनों तरफ से फायरिंग जारी है। मारे गए नक्सलियों के शव और कई ऑटोमेटिक हथियार बरामद किए गए हैं। इधर, नारायणपुर-दंतेवाड़ा बॉर्डर पर स्थित थुलथुली इलाके में IED



ब्लास्ट की चपेट में आने से दो जवान जख्मी हो गए। दोनों की हालत खतरे से बाहर है। यहां भी सर्च ऑपरेशन जारी है। दंतेवाड़ा के पास एंड्री इलाके में एक दिन पहले पहुंची थी फोर्सपुलिस गंगालूर इलाके में बड़ी संख्या में नक्सलियों की मौजूदगी की जानकारी मिली थी। इसके बाद दंतेवाड़ा-बीजापुर बॉर्डर पर पुलिस ने जॉइंट ऑपरेशन लॉन्च किया। फोर्स एक दिन पहले एंड्री इलाके में पहुंच गई थी। गुरुवार की सुबह यहां मुठभेड़ हुई।

### नक्सलमुक्त भारत अभियान की दिशा में जवानों ने एक और बड़ी सफलता हासिल की : अमित शाह



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि नक्सलमुक्त भारत अभियान की दिशा में आज हमारे जवानों ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। केंद्रीय गृह मंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, नक्सलमुक्त भारत अभियान की दिशा में आज हमारे जवानों ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। छत्तीसगढ़ के बीजापुर और कांकेर में हमारे सुरक्षा बलों के 2 अलग-अलग ऑपरेशन्स में 30 नक्सली मारे गए। उन्होंने कहा, मोदी सरकार नक्सलियों के विरुद्ध रुथलेस अप्रोच से आगे बढ़ रही है और समर्पण से लेकर समावेशन की तमाम सुविधाओं के बावजूद जो नक्सली आत्मसमर्पण नहीं कर रहे, उनके खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है। अगले साल 31 मार्च से पहले देश नक्सलमुक्त होने वाला है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ के बीजापुर के अंड्री जंगल में और कांकेर जिले के नारायणपुर सरहदी क्षेत्र में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच गुरुवार को हुई मुठभेड़ में 30 नक्सली ढेर हो गए जबकि एक जवान बलिदान हो गया।

# नागपुर हिंसा :पुलिस का दावा हिंसा में बांग्लादेश कनेक्शन



**● सोशल मीडिया पर यूजर की धमकी- इससे भी बड़ी घटना होगी; मास्टरमाइंड फहीम समेत अब तक 84 गिरफ्तार**

**नागपुर,एजेंसी।** नागपुर हिंसा मामले में पुलिस ने बांग्लादेश कनेक्शन मिलने का दावा किया है। पुलिस ने बताया कि सोशल मीडिया पोस्ट पर एक यूजर से धमकी मिली है कि सोमवार के दंगे एक छोटी घटना थी, भविष्य में बड़े दंगे होंगे। हालांकि पुलिस ने इस बारे में आगे कोई जानकारी नहीं दी।साइबर सेल ने अफवाह फैलाने और हिंसा भड़काने के मामले में 34 सोशल मीडिया अकाउंट पर कारवाई की है, साथ ही 10 FIR की गई हैं।

वहीं, पुलिस ने मास्टरमाइंड फहीम शमीम खान समेत अब तक 84 लोगों को गिरफ्तार किया है। हालांकि, बुधवार को महाराष्ट्र के गृह राज्य मंत्री योगेश कदम ने यह संख्या 69 बताई थी। इनमें आठ विश्व हिंदू परिषद (VHP) कार्यकर्ता भी शामिल हैं।

19 आरोपियों को 21 मार्च तक पुलिस कस्टडी में भेजा दिया गया है। मास्टरमाइंड फहीम पर 500 से ज्यादा दंगाइयों को इकट्ठा करने और हिंसा को बढ़ावा देने का आरोप है।

मंत्री कदम ने चेतावनी दी कि सोशल मीडिया पर भ्रामक वीडियो प्रसारित करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

कर्नाटक के विधायक ने दिया चौंकाने वाला प्रस्ताव

# पुरुषों को हर हफ्ते शराब की दो मुफ्त बोतलें दो

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** कर्नाटक विधानसभा में एक चौंकाने वाला प्रस्ताव सामने आया, जिसने देश में मुफ्त सुविधाओं पर जारी बहस को एक नए स्तर पर पहुंचा दिया। जेडीएस विधायक एमटी कृष्णप्पा ने सुझाव दिया है कि अगर राज्य सरकार महिलाओं को हर महीने दो हजार रुपये और मुफ्त बस यात्रा की सुविधा दे सकती है, तो पुरुषों को भी कुछ दिया जाना चाहिए- जैसे हर हफ्ते दो बोतल मुफ्त शराब! उनके इस बयान के बाद विधानसभा में हंगामा शुरू हो गया और राज्य की वित्तीय नीतियों पर तीखी बहस छिड़ गई।

इंडिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, चल रहे विधानसभा सत्र के दौरान जेडीएस विधायक एमटी



कृष्णप्पा ने सुझाव दिया कि सिद्धारमैया के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार को पुरुषों को प्रति सप्ताह दो मुफ्त शराब की बोतलें वितरित करनी चाहिए। मंत्री ने तर्क दिया कि चूंकि पुरुषों को वित्तीय सहायता नहीं दी जा सकती, इसलिए सरकार को शराब पीने वालों को शराब की बोतलें उपलब्ध करानी चाहिए।

जेडीएस विधायक के हवाले से अखबार ने लिखा है, आप महिलाओं को 2,000 रुपये प्रति माह, मुफ्त बिजली और मुफ्त बस यात्रा दे रहे हैं। वैसे भी यह हमारा पैसा है। इसलिए, जो लोग शराब पीते हैं, उन्हें हर हफ्ते दो बोतल शराब मुफ्त दें। उन्हें पीने दें। हम पुरुषों को हर महीने पैसे कैसे दे सकते हैं? इसके बजाय, उन्हें कुछ दें, सप्ताह में दो बोतलें। इसमें गलत क्या है? सरकार समितियों के माध्यम से यह प्रदान कर सकती है।÷

विधायक कथित तौर पर कर्नाटक के आबकारी राजस्व लक्ष्य को 36,500 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 40,000 करोड़ रुपये करने पर टिप्पणी कर रहे थे। कांग्रेस नेताओं का जवाब कट्टापन के सुझाव की अधिकांश कांग्रेस नेताओं ने तीखी आलोचना की, जिसमें ऊर्जा मंत्री केजे जॉर्ज भी शामिल थे।

### अब तीनों सेनाओं के जवानों के मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल करेगा निम्हांस

**नई दिल्ली,एजेंसी।** अब देश के रक्षा कर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की दिशा में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका विज्ञान संस्थान (निम्हांस) सहयोग करेगा। इसके लिए सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा (एएफएमएस) ने गुरुवार को अनुसंधान और प्रशिक्षण के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह समझौता तीनों सेनाओं के जवानों, उनके परिवारों तथा आश्रितों की मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को दूर करने पर केंद्रित होगा।

सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा की महानिदेशक सर्जन वाइस एडमिरल आरती सरीन और निम्हांस की निदेशक डॉ. प्रतिमा मूर्ति ने नई दिल्ली में इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर दोनों संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। एएफएमएस और निम्हांस के बीच यह सहयोग मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने, चिकित्सा कर्मियों के लिए विशेष प्रशिक्षण आयोजित करने और सैनिकों, नाविकों, वायुसैनिकों, उनके परिवारों तथा आश्रितों के मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को दूर करने के लिए अभिनव कार्यक्रम विकसित करने पर केंद्रित होगा।

# नित्यानंद राय के 2 भांजों के बीच फायरिंग,एक की मौत

## दूसरे के जबड़े को चीरते हुए निकली बुलेट, केंद्रीय मंत्री की बहन को भी लगी गोली

**भागलपुर,एजेंसी।** भागलपुर में गुरुवार सुबह केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय के भांजों के बीच गोलीबारी हुई है। इसमें एक भांजे विकल यादव की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरा जयजीत यादव गंभीर रूप से घायल है। बताया जा रहा है कि नित्यानंद राय की बहन को भी गोली लगी है। मामला नवगछिया के जगतपुर गांव का है। गोलीबारी के बाद दोनों को इलाज के लिए भागलपुर के डॉक्टर एनके यादव के क्लिनिक में भर्ती कराया गया। जहां एक विकल को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जयजीत यादव की हालत नाजुक बनी हुई है। जयजीत की पत्नी ने कहा- दोनों भाइयों के बीच पिछले एक साल से जमीन को लेकर विवाद करता था।



### चश्मदीद बोला- जयजीत के जबड़े के आर-पार हुई गोली

चश्मदीद ने बताया- सुबह साढ़े 6 बजे जयजीत को पानी देने वाले नौकर ने बर्तन में हथेली डुबोकर पानी दिया। इसे लेकर विकल से उसकी कहासुनी हो गई। पहले से भी दोनों भाइयों के बीच संबंध अच्छे नहीं थे। विवाद बढ़ा तो विकल घर के अंदर से पिस्टल ले आया और जयजीत के मुंह पर निशाना साधकर फायर कर दिया। गोली जबड़े के आर-पार हो गई।

नवगछिया SP प्रेरणा कुमार ने बताया- दोनों भाइयों के बीच नल को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद दोनों के बीच करीब 3 राउंड फायरिंग हुई। मृतक विकल को एक गोली लगी है, जबकि जयजीत को 2 बुलेट लगी है।

# एलन मस्क की कंपनी एक्स ने भारत सरकार पर किया मुकदमा

### आईटी अधिनियम के दुरुपयोग का लगाया आरोप

**बंगलूरू,एजेंसी।** भाषा में अपशब्दों और गलत शैली के इस्तेमाल को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स का आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) चैटबॉट ग्रोक सवालों के घेरे में है। केंद्र सरकार इस मामले में जांच की तैयारी में है। इसे लेकर सरकार एक्स के अधिकारियों के संपर्क में भी है। इसी बीच, एलन मस्क के स्वामित्व वाली सोशल मीडिया कंपनी एक्स ने भारत सरकार के



खिलाफ कर्नाटक हाईकोर्ट में मुकदमा दायर किया है। अपनी याचिका में एक्स ने गैरकानूनी सामग्री विनियमन और मनमाने ढंग से सेंसरशिप को चुनौती दी है। साथ ही एक्स ने आईटी अधिनियम की केंद्र धारा 79(3)(बी) के उपयोग को लेकर चिंता जाहिर की है।

# शंभू बॉर्डर पर 13 महीने बाद पटियाला-अंबाला लेन खुली

**● पंजाब में 5 जगह पुलिस-किसानों की झड़प; डल्लेवाल को आर्मी कंट्रोल वाले एरिया में रखा**

**पटियाला/अंबाला/जींद/जालंधर/संगरूर,एजेंसी।** हरियाणा-पंजाब के शंभू बॉर्डर की एक लेन को ट्रैफिक के लिए खोल दिया गया है। अब लोग पंजाब के राजपुरा से हरियाणा के अंबाला-दिल्ली की तरफ जा सकते हैं। वहीं दूसरी लेन से अभी हरियाणा पुलिस बैरिकेड हटा रही है। यह बॉर्डर किसान आंदोलन के चलते 13 महीने से



बंद था। वहीं आंदोलन कर रहे किसानों को जबरन शंभू और खनौरी बॉर्डर से हटाने पर पंजाब के किसान भड़के हुए हैं। पंजाब के सभी जिलों में इसको लेकर किसानों ने हाईवे जाम करने की कोशिश की। इस दौरान बठिंडा, मुक्तसर, मोगा, फरीदकोट व होशियारपुर में उनकी पुलिस के साथ झड़प भी हुई। हालात देखते हुए पंजाब सीएम भगवंत मान ने शाम 7 बजे कैबिनेट की इमरजेंसी मीटिंग बुलाई है। इधर, पुलिस ने किसान नेता जगजीत डल्लेवाल को पंजाब में आर्मी के कंट्रोल वाले जालंधर कैंट के PWD रेस्ट हाउस में शिफ्ट कर दिया है। बुधवार दोपहर हिरासत में लेने के बाद पहले उन्हें जालंधर सिटी के PIMS अस्पताल ले जाया गया था।उधर, हरियाणा के किसानों ने सीएम नायब सैनी को मांगें मानने के लिए 1 महीने का अल्टीमेटम दिया है। गुरुवार को कुरुक्षेत्र में सीएम का घर घेरने पहुंचे इन किसानों को पुलिस ने रोक लिया था।

### दिशा सालियन मौत मामले को लेकर राजनीति गरमाई, एसआईटी की जांच रिपोर्ट सदन में पेश होगी



**मुंबई,एजेंसी।** दिवंगत फिल्म अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व मैनेजर दिशा की मौत मामले को लेकर गुरुवार को महाराष्ट्र में राजनीति गर्मा गई है। इस मामले में जोरदार आरोप और प्रत्यारोपों की वजह से गुरुवार को विधानमंडल के दोनों सदनों का कामकाज कुछ देर तक के लिए स्थगित करना पड़ा। गृहराज्य मंत्री योगेश कदम ने कहा कि इस मामले की एसआईटी जांच चल रही है और रिपोर्ट आने पर सभागृह में पेश की जाएगी। इस मामले को लेकर आज सुबह सत्तापक्ष के विधायकों ने विधानभवन की सीढ़ियों पर बैठकर प्रदर्शन किया था। विधानसभा का कामकाज शुरू होने पर भाजपा विधायक अमित साटम ने कहा कि दिशा सालियन के पिता ने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल कर इस मामले की एनआईए से जांच कराने की मांग की है। दिशा सालियन ने इस मामले में शिवसेना यूबीटी के विधायक आदित्य ठाकरे का नाम लिया है। इस मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित की गई है। इसकी रिपोर्ट अब तक नहीं आई है। साटम के बाद भाजपा विधायक नीतेश राणे ने भी इस मामले में आदित्य ठाकरे को गिरफ्तार करने की मांग की।

# सॉफ्टवेयर से छात्राओं के अश्लील वीडियो बनाता था प्रोफेसर

## हाथरस में 5 साल से कर रहा था यौन शोषण, 7 दिन बाद प्रयागराज से अरेस्ट



**हाथरस,एजेंसी।** हाथरस में यौन शोषण के आरोपी प्रोफेसर रजनीश को पुलिस ने प्रयागराज के सिविल लाइन से गिरफ्तार कर लिया। वह 7 दिन से हाईकोर्ट में स्टे के लिए भागदौड़ कर रहा था। पुलिस से बचने के लिए हुलिया भी बदल लिया। दाढ़ी बढ़ा ली थी। कपड़े भी ऐसे पहने थे, जिससे किसी को शक न हो। लेकिन हाथरस की एसओजी, क्राइम ब्रांच और साइबर क्राइम की टीम ने उसे दबोच लिया।

बागला डिग्री कॉलेज का प्रोफेसर 30 से ज्यादा छात्राओं का यौन शोषण कर चुका है। वह छात्राओं को पास कराने और नौकरी लगवाने का झांसा देता था। ऑफिस में बुलाकर उनके साथ अश्लील हरकतें करता था। चोरी-छिपे वीडियो भी बना लेता था। प्रोफेसर के मोबाइल से 65 अश्लील वीडियो मिले हैं। ज्यादातर वीडियो कॉलेज की छात्राओं के हैं। कुछ वीडियो उसने पोर्न साइट पर भी अपलोड किए हैं। 50 साल का आरोपी प्रोफेसर 20 साल से बागला डिग्री कॉलेज में तैनात था। वह भूगोल पढ़ाता था।

# ममता बनर्जी ने लंदन दौरे से पहले विपक्ष पर उनकी छवि खराब करने का लगाया आरोप

### नागपुर हिंसा की भी निंदा की

**कोलकाता,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपने लंदन दौरे को लेकर विपक्षी दलों, खासकर भारतीय जनता पार्टी और वाम दलों, पर उनकी छवि खराब करने का आरोप लगाया। सीएम ने कहा कि जब कोई नेता विदेश यात्रा पर जाता है, तो उस पर हमला करना देश की छवि को नुकसान पहुंचाता है। इस दौरान उन्होंने कहा, राजनीतिक भिन्नताएं हो सकती हैं, लेकिन किसी भी नेता को विदेशी यात्रा से पहले उस पर हमला नहीं



करना चाहिए, क्योंकि वह नेता उस समय देश का प्रतिनिधित्व कर रहा होता है। विपक्ष मेरी छवि को खराब करने की कोशिश कर रहा है, लेकिन इस तरह के हमलों से सिर्फ देश की छवि को ही नुकसान होता है।

**ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में ममता बनर्जी का व्याख्यान :** मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि उनका विदेश दौरा राजनीति से जुड़ा हुआ नहीं है, बल्कि एक सम्मानजनक अवसर है, जहां वह लंदन के ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में व्याख्यान देने जा रही हैं। इस दौरे के दौरान वह 25 मार्च को कुछ उद्योगपतियों से मुलाकात करने वाली हैं, ताकि राज्य में निवेश लाया जा सके। सीएम ममता ने अपनी यात्रा के दौरान प्रशासन में किसी भी तरह की समस्या से निपटने के लिए एक पांच सदस्यीय कार्यदल और मंत्रियों का समूह (जीओएम) बनाया है।

# मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और बिल गेट्स के बीच महाराष्ट्र के विकास पर हुई चर्चा

**मुंबई,एजेंसी।** मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस और माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक, प्रसिद्ध उद्यमी बिल गेट्स के बीच गुरुवार को महाराष्ट्र के विकास पर सकारात्मक चर्चा हुई। गेट्स फाउंडेशन ने महाराष्ट्र को मलेरिया मुक्त करने के लिए काम करने और 25 लाख महिलाओं को स्वरोजगार प्रदान करने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए महाराष्ट्र को सहयोग देने का वादा किया है।

माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स और गेट्स फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने गुरुवार को सह्याद्री राज्य अतिथि गृह में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की। इस मुलाकात में



बिल गेट्स और मुख्यमंत्री फडणवीस ने स्वास्थ्य, कृषि और बुनियादी ढांचे में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग के बारे में सकारात्मक चर्चा की।मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है और बुनियादी ढांचे, कृषि और स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़ी परियोजनाएं चल रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में डॉक्टरों की कमी के कारण गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं प्रभावित हो रही है। उन्होंने बिल गेट से ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं प्रभावित उपलब्ध कराने की पेशकश की है । हालांकि बजट में स्वास्थ्य और कृषि क्षेत्रों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के उपयोग का भी प्रावधान किया गया है।मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है कि किसानों को दिन में बिजली मिले और इसके लिए 2022-23 से सौर ऊर्जा का उपयोग किया जा रहा है। किसानों को कम लागत पर बिजली मिल रही है, क्योंकि सौर ऊर्जा से अब 30 प्रतिशत बिजली उत्पादन में से 52 प्रतिशत बिजली पैदा हो रही है। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि सभी बिजली फीडरों को सौर ऊर्जा से संचालित करने की योजना है, ताकि उन्हें 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराई जा सके। फडणवीस ने इससे संबंधित जानकारी बिल गेट्स को दी और उन्हें इस क्षेत्र में सहयोग देने की अपील की।मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि नवी मुंबई में 300 एकड़ क्षेत्र में इनोवेशन सिटी बनाई जा रही है। इस पर गेट्स ने इनोवेशन सिटी और अन्य पहलों में वित्तीय सहायता और तकनीकी सहायता सहित साझेदारी करने का वचन दिया। इसके साथ ही महाराष्ट्र में मच्छरों के कारण मलेरिया से पीड़ित मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। महाराष्ट्र को मलेरिया मुक्त बनाने के साथ-साथ गेट्स फाउंडेशन डेंगू पर नियंत्रण के लिए भी काम कर रहा है।

# विश्व गौरैया दिवस के अवसर पर घोंसले का निःशुल्क किया गया वितरण



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** विश्व गौरैया दिवस 2025 के अवसर पर पारस फिजियोथेरेपी क्लिनिक के द्वारा लुप्त होती हमारी राजकीय पक्षी गौरैया के संरक्षण के लिए मुहिम शुरू किया गया। गुरूवार को क्लिनिक पर ईलाज करवाने वाले सभी मरीजों को निःशुल्क गौरैया का घोंसला वितरण किया गया। गौरैया संरक्षणविद्द डॉ निशान्धिता राज ने बताया कि गौरैया केवल एक पक्षी नहीं बल्कि हमारे संस्कृति का हिस्सा है। इसका संबंध मनुष्य के साथ 4 लाख साल से अधिक पुराना है। यह हमारे आसपास के कीड़े-मकोड़े को खा कर हमारे फसलों और स्वास्थ्य दोनों की रक्षा करती है, लेकिन विगत वर्षों से इसकी संख्या लगातार कम होती जा रही है। 2002 में आईयूसीएन के द्वारा इसे लाल सूची में भी शामिल कर लिया गया है। ऐसे स्थिति में इसके संरक्षण की जिम्मेदारी हमसब की है। इसी उद्देश्य से आशीष सिंह के सहयोग से आज घोंसला वितरण किया गया इसके अलावे मरहौरा रेलवे स्टेशन, प्रसिद्ध गढ़देवी मंदिर के परिसर तथा अन्य स्थानों पर भी घोंसला लगाया गया। वर्त्तमान समय गौरैया के अंडे देने का है, इसके किये घोंसला महत्वपूर्ण हो जाता है। हमारा क्लीनिक पर्यावरण संरक्षण के विषय पर लगातार कार्य कर रही है और आगे भी बिहार दिवस पर लगने वाले निःशुल्क फिजियोथेरेपी कैम्प में भी लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जायेगा।

# आवास सर्वे का वायरल वीडियो : अभी एफिडेविट का पांच सौ और खाता में पैसा आने पर 12 हजार

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** स्थानीय प्रखंड क्षेत्र में पीएम आवास योजना 2.0 के सर्वे के दौरान मुखिया और आवास सहायक द्वारा लाभुकों से रुपया मांगते एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। दैनिक खोज खबर वायरल वीडियों की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है, लेकिन वायरल वीडियो को लेकर क्षेत्र में चर्चा तेज हो गई है। वायरल वीडियो प्रखंड के रसूलपुर पंचायत का बताया जा रहा है। जिसमे पंचायत के मुखिया पन्ना लाल सिंह और उसी पंचायत के आवास सहायक अजय कुमार सिंह की तस्वीरें दिख रही है। वीडियो में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के लाभुकों से आवास का सर्वे और योजना का लाभ लेने के लिए एफिडेविट का पांच सौ रजिस्ट्रेशन के दो हजार यानी फिलहाल पच्चीस सौ रुपए की खर्चा बताया जा रहा है। मौके



वायरल वीडियो में दिखता तस्वीर

पर मौजूद आवास सहायक ने मुखिया की बात को दोहराते हुए ग्रामीण से कहता है कि पईसा के हिसाब समझ ली। वही वायरल वीडियो में मुखिया साफ साफ समझाते हुए कह रहे हैं कि पांच सौ रुपया एफिडेविट का और कागज का दो हजार रुपया लागेगा और बाद में काम हो जाने पर दस हजार देना होगा। वही अभी पैसा नहीं है तो कोइ बात नहीं, खाता में राशि आ जाने पर बारह हजार देने होंगे। इस संबंध में मुखिया का पक्ष जानने की कोशिश की गई, लेकिन उनका बयां फिलहाल नहीं मिल पाया है, लेकिन वायरल वीडियो की बात मढ़ौरा बीडीओ तक पहुंच गई हैं। उन्होंने कहा कि मामले की जांच कराई जायेगी। सर्व विदित है कि सरकारी स्तर पर बिचौलिया पर कार्रवाई की बात कही जाती है। वही दूसरी तरफ पंचायत प्रतिनिधि एवं सरकारी कर्मी की मिलीभगत से रुपयें की उगाही की बाते सामने आ रही हैं।

### जांच के बाद होगी कार्रवाई : बीडीओ

वीडियो सामने आने के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि उन्हें बीही इस तरह कि जानकारी मिली है। वायरल वीडियो की सत्यता की जांच करवाई जायेगी। आरोप के सही पाए जाने पर आवास सहायक पर कार्रवाई की जाएगी। वही पंचायत के मुखिया के विरुद्ध पंचायति राज विभाग को पत्र प्रेषित किया जाएगा।

**सुधीर कुमार, बीडीओ मढ़ौरा**

# उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य का बीईओ ने किया निरीक्षण

**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार प्रारंभिक विद्यालयों की वार्षिक मूल्यांकन परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन प्रखंड व नगर क्षेत्र के सभी 19 संकुल संसाधन केंद्रों पर बुधवार से प्रारंभ हो गया है।गुरुवार को प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी योगेंद्र बैठा ने संकुल संसाधन केंद्र चनचौरा व एकसार में पहुंचकर मूल्यांकन कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने शिक्षकों से मूल्यांकन प्रक्रिया की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए।बीईओ योगेंद्र बैठा ने कहा कि विभागीय निर्देशानुसार तय समय सीमा में उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य पूरा कर परीक्षाफल का प्रकाशन करना प्राथमिकता है। उन्होंने सभी शिक्षकों को सटीक और निष्पक्ष मूल्यांकन करने का निर्देश दिया। ताकि विद्यार्थियों को उनके वास्तविक प्रदर्शन के अनुसार अंक प्राप्त हो सकें।

# सुनीता विलियम्स की सुरक्षित व सफल वापसी विज्ञान व अंतरिक्ष के क्षेत्र में होगी मील का पत्थर साबित : विकास राठौर

### देशवासियों में खुशी व गर्व का माहौल- तनुजा सिंह

**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** अंतरिक्ष में 9 महीने 14 दिन बिताने के बाद भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स की सुरक्षित वापसी पर पूरे देश में खुशी व गर्व का माहौल है। उनकी ऐतिहासिक वापसी ने एक बार फिर भारत का मान बढ़ाया है।राष्ट्रीय एथलीट विकास सिंह राठौर और जिला सेपकटकरा एसोसिएशन की जिलाध्यक्ष तनुजा सिंह ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि सुनीता विलियम्स का साहस, धैर्य व अटूट संकल्प पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष की अनंत गहराइयों में भारत का गौरव बढ़ाने वाली सुनीता विलियम्स की सफल वापसी हम सभी के लिए प्रेरणादायक है।विकास सिंह राठौर ने कहा कि नौ महीने तक कठिन चुनौतियों का सामना कर अंतरिक्ष में महत्वपूर्ण शोध कार्यों को अंजाम देने के बाद उनकी सफल वापसी विज्ञान व अंतरिक्ष के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगी। वहीं तनुजा सिंह ने कहा कि सुनीता विलियम्स की यह ऐतिहासिक उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी रहेगी और विज्ञान के प्रति युवाओं का रुझान बढ़ाने में सहायक होगी।

# प्रारंभिक विद्यालयों में वार्षिक मूल्यांकन परीक्षा संपन्न

**संवाददाता एकमा (सारण)।** प्रखंड व नगर क्षेत्र के सभी प्रारंभिक विद्यालयों में जारी वार्षिक मूल्यांकन परीक्षा गुरुवार को स्वच्छ व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गई। अंतिम दिन प्रथम पाली में कक्षा 3 से 5 तक के अंग्रेजी विषय की परीक्षा आयोजित हुई, जबकि द्वितीय पाली में कक्षा 6 से 8 तक के अंग्रेजी विषय की परीक्षा ली गई।

इस दौरान उत्क्रमित मध्य विद्यालय गौसपुर में प्रभारी प्रधानाध्यापिका अनीता पांडेय व शिक्षिका अंजू कुमारी की देखरेख में परीक्षा संपन्न हुई। वहीं उत्क्रमित मध्य विद्यालय आमडाढ़ी में प्रधानाध्यापक अनिल कुमार सिंह की देखरेख में परीक्षा आयोजित हुई। इस दौरान उत्क्रमित मध्य विद्यालय गौसपुर से वीक्षण कार्य हेतु नियुक्त कमल कुमार सिंह, सोनाली नंदा, विभा कुमारी, विकास कुमार, सना परवीन आदि शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपनी जिम्मेदारी निभाई। वहीं विद्यालय के स्थानीय शिक्षक धर्मेंद्र कुमार सिंह व शिक्षिका आरती कुमारी ने परीक्षा संचालन में सहयोग किया।

# मोटरसाइकिल लूट का विरोध करने पर अपराधियों ने बैंककर्मी को गोली मारकर किया घायल

### अपराधियों ने बैंककर्मी को घायल कर मोबाइल और पर्स लेकर फरार

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर थानांतर्गत पहलेजा - हरिहरनाथ सड़क मार्ग के गंगाजल हाई स्कूल निकट मोटरसाइकिल लुटने का विरोध करने पर अपराधियो ने बैंककर्मी को गोली मारकर घायल कर दिया। बैंककर्मी का मोबाईल और पर्स लेकर फरार हो गय। गोली आवाज सुनकर स्थानीय लोगो ने घायल अवस्था मे सड़क पर तरपता देख इसकी सूचना सोनपुर थाना को दी। घटना की जानकारी मिलते ही मौके वारदात पर सोनपुर थाना की पुलिस पहुच गयी। घायल बैंककर्मी को आनन-फानन उठाकर इलाज के लिए सोनपुर अनुमंडल अस्पताल मे भर्ती कराया गया। जहा डॉक्टर ने प्राथमिकी उपचार कर बेहतर इलाज के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल भेज दिया गया।

घायल बैंककर्मी की पहचान हाजीपुर नगर थाना क्षेत्र के 42 वर्षीय रवि रंजन कुमार के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की देर शाम बैंककर्मी पटना एसबीआई से ड्युटी कर मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने घर हाजीपुर लौट रहा था, इसी दौरान गंगाजल हाई स्कूल के पास दो बाइक सवार पाच अपराधियों ने मोटरसाइकिल छीनने लगा जिसका विरोध करने पर पैर मे गोली मारकर मोबाईल और पर्स लेकर फरार हो गया। घटना के संबंध में घायल बैंककर्मी ने बताया कि वह पटना एसबीआई बैंक में नौकरी करते हैं. गंगाजल हाई स्कूल के निकट दो बाइक पर सवार करीब पांच बदमाशों ने उनकी बाइक को ओवरटेक करके बाइक को रोक लिया. इसके बाद बाइक, मोबाइल और अन्य सामान लूटने का प्रयास करने लगे. विरोध करने पर एक बदमाश ने पिस्तौल निकालकर गोली मार दी. उन्होंने कहा कि दूसरा बदमाश भी गोली चलना चाहता था, इसी दौरान उसका मैगजीन गिर गया. गोली मारने के बाद वह मोबाइल लेकर मौके से फरार हो गए. मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

वही घटना की सूचना मिलते ही सोनपुर एसडीपीओ प्रीतेश कुमार ने सदर अस्पताल हाजीपुर मे पहुंचकर घायल बैंककर्मी से घटना की विस्तृत जानकारी लिया। सोनपुर एसडीपीओ ने गुरूवार को बताया कि बैंक कर्मी के पैर में गोली लगी है.बैंक कर्मी खतरे से बाहर है. इस कांड में कुछ सन्दिग्ध लोगो को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है।

# शेखडुमरी में श्री शतचंडी महायज्ञ को लेकर निकाली गयी भव्य कलश शोभायात्रा

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड के नयागाव थानान्तर्गत चतुरपुर पंचायत के शेखडुमरी भगवती मंदिर के तत्वावधान मे आयोजित नौ दिवसीय श्रीशतचंडी महायज्ञ को लेकर आयोजन कमेटी व स्थानीय लोगो के द्वारा बृहस्पतिवार के दिन गाजे बाजे घोडे के साथ माथे पर कलश रखकर महिला पुरुष ने भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली ।जो क्षेत्र के शिव मंदिर गोपालपुर से ग्रामीण श्रधालु भक्त हाथ मे कलश ले छपरा सोनपुर मुख्य मार्ग से गोपालपुर, महदलीचक, कपुरचक, शेखडुमरी,अबदुलही, चतुरपुर, सीताबगज के होते परमानंदपुर स्थित नव निर्मित बंदरगाह के समीप पहुची जहा आचार्यो द्वारा मंत्रोच्चारण कर पुरी विधी विधान के पश्चात उत्तरायण गंगा नदी से कलश मे जलभरी कर सभी श्रद्धालु पुनः मुख्य मार्ग होते शेखडुमरी भगवती मंदिर स्थित यज्ञ मंडप पहुंची जहा भक्त गण अपनी कलश स्थापित किया।तत्पश्चात



आयोजको द्वारा सभी को ठंडा पानी,सरबत, व प्रसाद वितरण की गयी।कार्यक्रम मे मुख्य रुप से अयोध्या धाम से पधारे यज्ञाधिश श्री दामोदर दास जी महाराज, यज्ञा आचार्य बनारस से आए श्री मेधाशंकर पाण्डेय,महंगाई रामजी दास कन्हैया पाण्डेय, भाजपा नेता बिनोद सिंह सम्राट, राजकिशोर राय,रवि रंजन सिंह सोनु,मुख्य यज्ञमान शशी कुमार, चंदन कुमार , आयोजन कमेटि के सदस्य राजेंद्र राय,जवाहर राय, प्रमुख प्रतिनिधि पशुपती साह,संजय कुमार सिंह, अभय कुमारसाह,ओमप्रकाश चौधरी,शिव पडित राजकिशोर सहित भारी संख्या स्थानीय पुलिस प्रशासन व ग्रामीण महिला पुरूष श्रधालु भक्त मौजूद थे।

# अखंड अष्ट्याम समापन पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में राम विवाह संकीर्तन का किया गया आयोजन



**दैनिक खोज खबर/दरियापुर(सारण)।** स्थानीय प्रखंड के सरैया मे अखंड अष्ट्याम के बाद संस्कृतिक कार्यक्रम में राम विवाह संकीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें ब्यास बिट्टू तिवारी और निर्मला यादव के बीच दुगोला कार्यक्रम का उद्धघाटन भाजपा बिहार प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह और मुखिया प्रतिनिधि अजीत सिंह ने किया। इस अवसर पर मुख्य पुजारी बबलू बाबा, बुलबुल सिंह, पंचायत समिति जीतेन्द्र महतो, विकास सिंह, चंदन सिंह, ललन सिंह, जवाहर सिंह, सुधांशु सिंह, मुरारी सिंह, नंदन सिंह, मुनु सिंह, राजा सिंह, सोनू सिंह सहित अनेक लोग उपस्थित थे ।सभी लोग भजन कीर्तन का खूब आंनद उठाये और कार्यक्रम में माहौल भक्तिमय हुआ।

# जन सुराज पार्टी द्वारा जन संवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड क्षेत्र के वैजलपुर जमुनी व नयागांव में जन सुराज पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ आम जनता के बीच जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को किया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण लोग के बीच पार्टी के पदाधिकारी ने जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर के विचारों,उद्देश्यों एवं कार्यों को विस्तार से जानकारी दी। इस कार्यक्रम का आयोजन कर्ता नयागांव में अखिलेश कुमार राय ने किया जबकि कार्यक्रम के अध्यक्षता पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष मनु लाल चौरसिया के मौजूदगी में की गई। इस मौके पर पंचायत उपाध्यक्ष बच्चा प्रसाद,किसान अध्यक्ष राजन कुमार शर्मा, सीपीआर पंकज कुमार चंद्रवंशी के साथ दर्जनों ग्रामीणों के बीच बैठक हुई। वही कल्याणपुर पंचायत के बैजलपुर जमुनी में पार्टी के सोनपुर अनुमंडल उपाध्यक्ष भरत सिंह के अध्यक्षता में बैठक हुई. कार्यक्रम का संचालन पंकज कुमार सिंह ने किया. इस मौके पर मो सरफराज,नवल कुमार,सीपीअर राजन प्रताप सिंह,शिवकांत सिंह ने सहित पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे । इस मौके पर वक्ताओं ने बिहार की बदहाल व्यवस्था पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि बिहार को विकसित और समृद्ध बिहार कैसे बने इसके लेकर सभी लोगों ने अपनी-अपनी वाणी से विस्तार से उपस्थित लोगों को जानकारी देते हुए आने वाले विधानसभा में पूर्ण बहुमत के साथ जन सुराज पार्टी को सत्ता में लाकर बिहार को विकसित बनाने के लिए बढ़-चठकर हिस्सा लेने की अपील की ।

# पहलेजा पुलिस ने अकिलपुर दियारा में छापामारी कर शराब भट्ठी को किया ध्वस्त

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड के अंतर्गत पहलेजा थाना क्षेत्र के अकिलपुर दियारा में अपर थानाध्यक्ष संतोष कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल के सहयोग से छापामारी कर देसी शराब भट्टी को ध्वस्त करते हुए मौके पर अर्ध निर्मित शराब व बनाने वाले उपकरण को ध्वस्त किया गया है। इस बात की जानकारी देते हुए अपर थाना अध्यक्ष संतोष कुमार ने गुरूवार को बताया कि अकिलपुर दियारा में गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी की गई जिसमें एक भट्टी को ध्वस्त किया गया वहीं मौके पर 1200 लीटर अर्ध निर्मित देसी शराब भट्टी को ध्वस्त किया गया है. इस छापामारी में भट्टी संचालक के चिन्हित किया जा रहा है उसके ऊपर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

# छपरा के करिंगा स्थित डच मकबरा का ऐतिहासिक सन्दर्भ

**विवेकानन्द सिंह।**

**दैनिक खोज खबर/बलिया/छपरा।** सारण ज़िला का इतिहास अपने अवशेषों के माध्यम से अपने काल की गाथा गुनगुनाता है। यहाँ के इतिहास का पन्ना-पन्ना बीते दिनों की कहानी सुनाता है। यहाँ का हर ऐतिहासिक धरोहर अपना सम्पूर्ण वृतान्त बताता है।सारण ज़िला में कई उत्कृष्ट पर्यटन-स्थल हैं, यथा - आमी मन्दिर (आमी), हरिहरनाथ मन्दिर (सोनपुर), ढोढ आश्रम (जनता बाज़ार), गौतम स्थान, शिलानाथ महादेव मन्दिर (सिल्हौड़ी), गढ़देवी-स्थान (मढ़ौड़ा), नवपाषाणकालीन पुरातात्त्विक-स्थल (चिरांद) और डचकालीन मकबरा (करिंगा) आदि।

**करिंगा डच सेमेट्री** - सारण ज़िला मुख्यालय, छपरा से लगभग 8 कि. मी. दूर ग्राम करिंगा (राष्ट्रीय राजमार्ग 331) में स्थित है- डच कब्रिस्तान, जहाँ एक एकड़ भूमि में तालाब किनारे तत्कालीन पटना के डच फ़ैक्ट्री प्रमुख, जैकब वैन हूर्न का मकबरा है, जो 1712 में बना था, जिसे बिहार सरकार द्वारा वर्ष 2021 के माह मार्च में स्मारक अधिनियम के तहत संरक्षित-क्षेत्र घोषित किया गया है।उक्त मकबरा के जीर्णोद्धार के लिए तत्कालीन जिलाधिकारी, दीपक आनन्द ने 2015 में शासन को एक पत्र लिखा और पुरातत्व विभाग ने जांच के बाद अपनी आख्या लगा दी, लेकिन काम शुरू नहीं हुआ, उसके बाद नए जिलाधिकारी, डॉ. नीलेश देवरे ने इसके लिए प्रयास किया और अब वर्तमान कलेक्टर, अमन समीर ने इस कार्य योजना को बिहार सरकार



के कला, संस्कृति एवं युवा विभाग को प्रस्तावित किया है। योजना की लागत लगभग 2 करोड़, 20 लाख, 2 हज़ार 567 रुपये है।

1904 में प्रकाशित, जर्नल ऑफ़ द एशियाटिक सोसाइटी ऑफ़ बंगाल, खण्ड LXXIII भाग के अनुसार - ...छपरा में एक बड़ा मकबरा है जिस पर J. V. H. 26 जून, A.D. 1712 लिखा है, J. V. H. अक्षर जैकब वैन हूर्न के लिए है।.. छपरा निवासी रत्नेश कुमार सिंह ने बताया कि उनके पिताजी (स्वर्गीय सुशील कुमार सिंह, पूर्व प्राचार्य, जगदम कॉलेज, छपरा) ने बहुत समय पहले बताया था कि उस मकबरा के प्रवेशद्वार पर एक शिलालेख था, जो अब नहीं है। वैसे मकबरे के इर्द-गिर्द कई शिलापट्ट धूल-धूसरित पड़े हैं। इस बाबत, बलिया के ग्राम, पिपराकलां स्थित, अन्नू बाबा फाउण्डेशन (जो पूर्वी उत्तर प्रदेश और पश्चिमी बिहार के इतिहास पर शोधकार्य करा रहा है) से सम्पर्क करने पर जानकारी मिली कि उक्त मकबरा, 15 जनवरी, 1934 के भूकम्प में क्षतिग्रस्त हो गया था, बाद में जिसकी मरम्मत करवाई गई और पुराने शिलालेख के स्थान पर नया शिलापट्ट लगाया गया। 1915 में प्रकाशित एक जर्नल, बंगाल अतीत और वर्तमान में उक्त पुराने शिलापट्ट के बारे में जानकारी मिली है, जिसमें लेखक ने लिखा है कि जब मैं छपरा में खूबसूरत डच कब्रिस्तान में गया तो सूरज ढल रहा था। तालाब के पार दिखनेवाले खूबसूरत नज़ारे ने मुझे फ़ोटो लेने की असम्भवता पर अफ़सोस दिलाया। सबसे प्रमुख वस्तु एक मकबरा है जो छोटी मीनारों वाली एक उचित आकार की मस्जिद का प्रतिनिधित्व करता है। प्रवेश द्वार के ऊपर एक पत्थर है, जिस पर JVH Obiit 26 June anno 1712 लिखा हुआ है।

सारण में डच साल्टपीटर (शोरा) फ़ैक्ट्री - ज्ञातव्य है कि भारत में 'डच ईस्ट इण्डिया कम्पनी' की स्थापना मुग़लकाल के दौरान 1602 में हुई थी। 1632 में डचों ने पटना में अपनी फ़ैक्ट्री लगाई; 1650 में डच छपरा आए और वर्तमान छपरा नगर के एक हिस्से में शोरा का शोधक केंद्र, अपने लिए आवास, शोरा का गोदाम और करिंगा में एक कब्रिस्तान बनाया। साल्टपीटर, यानी शोरा प्राकृतिक रूप से पाया जाने वाला खनिज है, जिसका प्रयोग बारूद, उर्वरक, रॉकेट के नोदक, और पटाखों के निर्माण में किया जाता है.

फ्रांसीसी, जीन बैप्टिस्ट टैवर्नियर (व्यापारी) और फ्रांस्वा बर्नियर (चिकित्सक) ने 1665-66 में बिहार का दौरा किया और छपरा शहर में हॉलैण्ड कम्पनी द्वारा किए जा रहे साल्टपीटर (शोरा) के कारोबार का उल्लेख किया था। जीन बैप्टिस्ट टैवर्नियर ने अपनी पुस्तक, भारत में यात्राएँ, जो 1676 में फ्रेंच भाषा में छपी थी, में उल्लेख किया है कि ... यहाँ (छपरा) के घर अन्य शहरों से बेहतर नहीं हैं, और लगभग सभी की छतें छप्पर या बांस से बनी हैं। डच कम्पनी ने साल्टपीटर के व्यापार के लिए यहाँ एक प्रतिष्ठान बनाया हुआ है, जिसे वह छपरा नामक एक बड़े गाँव में परिष्कृत करती है, जो गंगा के दाहिने किनारे पर, पटना से 10 कोस ऊपर स्थित है। **(विवेकानंद सिंह, पता - बलिया, उत्तर प्रदेश।)**

# सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा को ले निकाली गई कलश यात्रा

**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।** अमनौर प्रखण्ड के तकेया सूर्य मंदिर के परिसर में आयोजित सात दिवसीय भागवत कथा को लेकर गुरूवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई।घोड़े व बैण्ड बाजे के साथ निकाली गई भव्य कलश यात्रा में सैकड़ों नर-नारियों ने हिस्सा लिया।कलश यात्रा तकेया सूर्य मंदिर से निकलकर कर भेल्दी बाजार का परिभ्रमण कर पुन~ सूर्य मंदिर पहुंची जहां संजीव जी महाराज के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश में पवित्र गंगाजल की जलभरी की गई।पीला वस्त्र धारण किए पुरूष,महिलाएं व युवतियां जय श्रीराम,जय श्री कृष्णा,हर-हर महादेव के नारे लगा रही थी।जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ था।बताते चलें कि गंगोत्री धाम उत्तराखंड के संत संजीव जी महाराज 20 अप्रैल से 26 अप्रैल तक प्रवचन करेंगे।कलश यात्रा में पूर्व मुखिया रमेश कुमार यादव,उपमुखिया नवीन राय,नागेंद्र निराला,मुन्ना राय,ब्रजेश कुमार सिंह,डा.छोटू कुमार साह,चंदन कुमार साह,वकील राय,मिथिलेश राय,बबन राय,आनंद किशोर वर्मा,बीरेन्द्र ब्यास आदि शामिल थे।



# समाजिक कार्यकर्ता ब्रजेश सिंह को पितृ शोक पर पूर्व विधायक ने प्रकट की संवेदना

**दैनिक खोज खबर/मांझी।** एनडीए के आधार वोटों में आये जबरदस्त बिखराव की वजह से पिछली बार माँझी विधानसभा क्षेत्र से जदयू प्रत्याशी को हार का सामना करना पड़ा था। यह बातें जदयू के प्रदेश महासचिव सह छपरा के पूर्व विधायक रणधीर सिंह ने माँझी के घोरहट पँचायत के कई गाँवों में लोगों से बातचीत के क्रम में कहीं। उन्होंने बताया कि पिछले चुनाव में लगभग एक लाख मतदाताओं ने एनडीए से जुड़े अलग अलग प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान किया था लेकिन वोटों के विभाजन की वजह से महागठबंधन के प्रत्याशी ने जीत दर्ज कर ली थी। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में यदि वोटों का बिखराव नही रोका गया तो सरकार की योजनायें तार तार होकर रह जायेगी। उन्होंने वर्तमान विधायक पर जाति के आधार पर मतदाताओं के साथ भेदभाव करने तथा उन्हें अपमानित करने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि माँझी के मतदाता खुद को ठगा व अपमानित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने नेताओ व मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि वोटों की गोलबन्दी से ही स्वच्छ छवि के प्रत्यासी का चुनाव तथा क्षेत्र का विकास सम्भव है। बताते चलें कि गुरुवार को श्री सिंह ने ग़ैरतपुर,भभौली,ड्यूमाइगढ सहित कई स्थानों पर गाँव के लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएँ सुनीं। लोगों के आग्रह पर उन्होंने बीडीओ को फोन करके तत्काल मनरेगा योजना से ग़ैरतपुर को जोड़ने वाली सड़क के किनारे मिट्टी रोड़ा आदि डालकर सड़क के चौड़ीकरण करने की बात कही। पूर्व विधायक ने ताजपुर के सामाजिक कार्यकर्ता ब्रजेश सिंह के दरवाजे पर पहुँचकर उनके पिता धर्मनाथ सिंह के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया। जन सम्पर्क में उनके साथ पैक्स अध्यक्ष गुड्डू सिंह,चंदन कुमार सिंह,निरंजन सिंह,राजेश सिंह,प्रभुनाथ सिंह कमलेश सिंह तथा शिला सिंह समेत दर्जनों लोग शामिल थे।

# शराब तस्करों के खिलाफ कार्रवाई, अंग्रेजी शराब बरामद

**दैनिक खोज खबर/मांझी।** माँझी के थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु आईपीएस संकेत कुमार के नेतृत्व में माँझी थाना पुलिस ने शराब तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए गुरुवार की सुबह थाना क्षेत्र के जई छपरा खजुहट्टी रोड से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद किया है। साथ ही तस्करी के उपयोग में लाई गई एक बाइक सहित तीन तस्करों को भी पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। जबकि दो अन्य तस्कर मौके का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री कुमार ने बताया कि सूचना प्राप्त हुई की जई छपरा खजुहट्टी रोड पर कुछ लोग शराब लेकर ग्राहक की प्रतीक्षा में खड़े हैं। जिसपर त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके से बाइक सहित एक सौ 29 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार कर आवश्यक पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार तस्कर थाना क्षेत्र के चटेया गाँव निवासी स्व हरेराम यादव का पुत्र दिनेश यादव तथा महम्मदपुर गाँव निवासी कृष्णा चौधरी का पुत्र मोहित चौधरी व जगलाल चौधरी बताया जाता है। जबकि फरार दो तस्करों की पहचान महम्मदपुर गाँव निवासी कृष्णा चौधरी का पुत्र राजकुमार चौधरी व सोनापति पाण्डेय का पुत्र अमरनाथ पाण्डेय बताया जाता है। जिनपर प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। साथ ही गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के महम्मदपुर से 17 लीटर देशी शराब बरामद किया गया है। छापेमारी के दौरान अंधेरे का फायदा उठाकर दोनों तस्कर घर से फरार हो गए। जिनकी पहचान महम्मदपुर गाँव निवासी बुधन चौधरी उर्फ कन्हैया चौधरी के पुत्र योगेन्द्र चौधरी तथा पंकज चौधरी बताया जाता है। उनके विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि बुधवार की रात पुलिस ने कटोखर में कारोबारियों द्वारा कूड़े की ढेर में छुपाकर रखे गए लगभग दो सौ लीटर अर्द्ध निर्मित देशी शराब को भी विनष्ट कर दिया गया।

# नवनियुक्त अध्यक्ष के पदासीन होने पर मनाया गया जश्न

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** नगर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में शहर के अंबेडकर नगर स्थित सामुदायिक भवन में लड्डू वितरण कर नवनियुक्त अध्यक्ष राजेश कुमार उर्फ राजेश राम के पदासीन होने का जश्न मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष सलमान सिद्दीकी ने की। वहीं कार्यक्रम में पहुंचे जिलाध्यक्ष डा. विधु शेखर पांडेय ने कहाकि राहुल गांधी ने वंचित दलित के हक की जो आवाज उठाई है उस आवाज को राजनीतिक शक्ति प्रदान करने के लिए बिहार में एक दलित के बेटा को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। कांग्रेस नेता और बिहार प्रदेश प्रतिनिधि डा. ख्वाजा एहतेशाम अहमद ने कहा कि राजेश राम युवा है और दलित बैकग्राउंड से होने के कारण जो कांग्रेस पार्टी का सामाजिक न्याय का अवधारणा है उनके पदासीन होने से इसमें मजबूती मिलेगी। डा. अहमद ने कहा कि राजेश राम दलितों के बड़े नेता दिलकेश्वर राम के पुत्र हैं जो कि बिहार के काद्यावर दलित नेता के रूप में जाने जाते थे। विभिन्न मंत्रालयों के अंतर्गत उन्होंने जनता की सेवाएं की है। डा. एहतेशाम ने कहा कि बिहार में राजेश राम के प्रदेश अध्यक्ष बनने से निश्चित रूप से कांग्रेस को मजबूती मिलने जा रही है और आने वाले विधान सभा के चुनाव में कांग्रेस पार्टी के सुखद परिणाम हासिल होंगे। कार्यक्रम में नगर उपाध्यक्ष राहुल कुमार, ओम प्रकाश मिश्रा, विनय चंद्र श्रीवास्तव, इंदु देवी, शिवकली देवी, ब्रजकिशोर सिंह, भोलाराम, शिव विचार राम, रवि शेखर राम, विक्की राम, कृष्णा राम, संदीप कुमार, अरविंद प्रसाद, विकास कुमार, अनूप कुमार आदि मौजूद थे।

# मशरक के बहरौली में पंचायत सरकार भवन निर्माण का हुआ शुभारंभ

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक प्रखंड क्षेत्र के बहरौली पंचायत के बहरौली गांव में पंचायत सरकार भवन के निर्माण के लिए भूमी पूजन से शिलान्यास कर कार्य का शुभारंभ किया गया। आचार्य की मौजूदगी में पंचायती राज पदाधिकारी आकांक्षा कुमारी ने भूमी पूजन कर नींव कार्य का शुभारंभ किया। मौके पर सीओ सुमंत कुमार, बीडीओ पंकज कुमार, प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष अजीत सिंह, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि अमर सिंह , वार्ड पार्षद प्रतिनिधि रौशन मुखिया समेत अन्य कई ग्रामीण मौजूद रहें। सीओ सुमंत कुमार ने बताया कि सरकार गांवों में ही पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिसमें सभी पंचायत स्तर के कार्य होंगे। पंचायती राज पदाधिकारी आकांक्षा कुमारी ने कहां कि पंचायत सरकार भवन के बनने से पंचायत के लोगों को यहां ही सारी सुविधाएं मिलेगी। छात्रों को आय, आवासीय व जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए इधर-उधर नहीं भटकना होगा। इसके अलावा पंचायत के किसानों व आम लोगों को भी सारी सुविधाएं मिलेगी। मुखिया अजीत सिंह ने कहा कि बहरौली क्षेत्र का विकास मेरी प्राथमिकताओं में शामिल है। पंचायत के निवासियों को सुविधा देने के उद्देश्य से पंचायत सरकार भवन बनवाए जा रहे हैं। इस पंचायत सरकार भवन में पंचायत स्तर के सभी सरकारी कर्मचारी बैठेंगे। जिससे स्थानीय लोगों को प्रखंड कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। यहां से ही सारे कार्य होंगे। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों का कार्यान्वन युद्ध स्तर पर करवाया जा रहा है। मेरी कोशिश है कि प्रत्येक वार्ड क्षेत्र में विकास की किरण पहुंचे। इसके लिए सतत प्रयास कर रहा हूं।

# बिजली विभाग द्वारा बेरुई में लगाया गया समाधान शिविर

**बनियापुर(दैनिक खोज ख़बर)** ।प्रखंड के बेरुई गाँव में गुरुवार को बिजली वसूली व ज्यादा बिल के समाधान हेतु शिविर का आयोजन किया गया। इसमें एसडीओ अमरजीत कुमार और जेई पंकज कुमार सुमन साथ बिजली विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। इस संबंध में बिजली विभाग के एसडीओ अमरजीत कुमार ने बताया की बिजली विभाग को सुचना मिली की इस पंचायत में बिजली से संबंधित बहुत सारी समस्या है एवं मार्च क्लोजींग के चलते बकाया बिजली बिल जमा कराने को लेकर यह शिविर का आयोजन किया गया।विद्युत विभाग के एसडीओ ने कहा की शिविर लगा कर बहुत सारे लोगों का बिजली बिल जमा किया गया। उन्होंने कहा की जिनको भी बिजली बिल से सम्बन्धित कोई समस्या हो तो हमारे कोल्हुआ पावर ग्रिड वाले कार्यालय पर पहुंच कर समाधान करवा सकते है या ऑनलाइन पोर्टल पर भी इससे समाधान पाया जा सकता है। उन्होंने कहा की यहां शिविर में बहुत सारे लोगों ने अपना बिजली बिल जमा कर विद्युत् विच्छेदन से बचाया है। उन्होंने कहा की जिनका भी बिजली बिल बहुत ज्यादा हो गया है वे कम से कम आधा बिल जमा करके अपने विद्युत विच्छेदन को बचा सकते है। उन्होंने कहा की जिनका बिजली बिल बहुत ज्यादा है वे तकिस्तों में जमा कर सकते है। शिविर में स्थानीय जनप्रतिनिधियों में पैक्स अध्यक्ष मनोज सिंह, सोनू सिंह, धीरेन्द्र सिंह, भीम सिंह, टुनटुन सिंह, अभिनाश सिंह, बिगन सिंह, अरविंद सिंह, गुड्डू सिंह, के साथ भारी मात्रा में आम लोग उपस्थित थे।

# सड़क दुर्घटना में घायल छात्रा की इलाज के दौरान मौत, दूसरे का चल रहा इलाज

**गुठनी (सिवान)** । थाना क्षेत्र के गुठनी-दरौली- मांझी पथ पर स्थित बरपलिया गांव के समीप 12 मार्च को निजी बस से कुचलने से दो छात्राएं घायल हो गई थी। घायलों को इलाज के लिए गोरखपुर मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान एक छात्रा की मौत हो गई। मृतका की पहचान मैरवा थाना क्षेत्र के परसिया निवासी राबिया खातून के रूप में हुई है। इस घटना के बाद स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

बताया जाता है कि मैरवा थाना क्षेत्र के परसिया निवासी राबिया खातून तथा गुठनी थाना क्षेत्र के बरपलिया निवासी रफीक अंसारी की पुत्री आयशा खातून 12 मार्च को विद्यालय जा रही थी। तभी बरपलिया गांव के समीप एक दरौली की ओर से आ रही निजी स्कूल के बीस की चपेट में आने से घायल हो गई। दोनों घायलों को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से चिकित्सक द्वारा प्राथमिकी उपचार के बाद दोनों को रेफर कर दिया गया। स्वजन घायल छात्राओं को गोरखपुर मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराए जहां इलाज के दौरान बुधवार की रात राबिया खातून की मौत हो गई। इस घटना की सूचना मिलते ही स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। बताया जाता है कि राबिया खातून बरपलिया अपने नाना शाह मुहम्मद अंसारी के घर रहकर पढ़ाई करती थी। प्रभारी थानाध्यक्ष गणेश चौहान ने बताया कि पुलिस बस को जब्त कर ली है तथा आरोपित चालक की तलाश शुरू कर दी गई है।

# सीवान ~राम जन्म महोत्सव समिति का प्रचार वाहन हुआ रवाना

**परवेज अख्तर/सीवान।** शहर के गांधी मैदान में 30 मार्च से राम जन्म महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन होगा। छह अप्रैल को दिन में भगवान राम की शोभा यात्रा गांधी मैदान से प्रारंभ होगी, जो नगर के निर्धारित मार्गो से होकर पुनः गांधी मैदान में समाप्त होगी। कार्यक्रम को लेकर शहर के राजेंद्र पथ स्थित भृगुनाथ प्रसाद भवन से गुरुवार को राम जन्म महोत्सव समिति का प्रचार वाहन को रवाना किया गया। समिति के अध्यक्ष सह वरीय अधिवक्ता सुनील दत्त शुक्ल ने बताया कि समिति के सभी कार्यकर्ताओं के साथ गुरुवार को प्रचार वाहन को झंड़ा दिखाकर रवाना किया गया। बताया कि गांधी मैदान में होने वाली हर गतिविधियों पर सीसी कैमरे की मदद से निगरानी रखी जाएगी। गांधी मैदान में मंच एवं पंडाल का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। सचिव मुकेश कुमार ने बताया कि शहर के गांधी मैदान में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से रामनवमी तक श्रीराम जन्म महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया जाता है। बताया कि शोभायात्रा छह अप्रैल दिन रविवार को एक बजे से प्रारंभ होगी। मौके पर समिति के संरक्षक रंग बहादुर सिंह, राजेंद्र कुमार मुन्ना, कोषाध्यक्ष बब्लू सरैया, मीडिया प्रभारी ई. सतीश कुमार सिंह, मनीष कुमार, राकेश, अशोक गुप्ता, पंकज कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

# मो. खालिद हत्या मामले में दो गिरफ्तार, जेल

**दारौंदा (सिवान)।** थाना क्षेत्र के बगौरा में 14 मार्च को जन्म दिन पार्टी के दौरान गांव के ही युवक मो. खालिद की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में मृतक के पिता क्यामुद्दीन अंसारी ने थाना में आवेदन देकर मदारीचक निवासी पप्पू सिंह एवं अन्य दो लोगों को आरोपित किया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया है तथा कार्रवाई के बाद गुरुवार को जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार लोगों में मदारीचक निवासी पप्पू सिंह एवं करीमन यादव शामिल हैं।थानाध्यक्ष छोटन कुमार ने बताया कि बुधवार की देर शाम गुप्त सूचना पर सिवान-छपरा मुख्य पथ पर ढोलकिया पुल के समीप छापेमारी की गई। पुलिस को देख दोनों आरोपित भागने लगे, तभी पुलिस ने पीछा कर दोनों आरोपितों को दबोच लिया। उन्होंने बताया कि पप्पू सिंह मुख्य आरोपित है जबकि करीमन यादव अप्राथमिकी अभियुक्त है। एक अन्य आरोपित की गिरफ्तारी के लिए संदेहात्मक ठिकाने पर छापेमारी की जा रही है। तीसरे आरोपित को भी शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# 17 सूत्री मांगों को लेकर समाहरणालय समक्ष सीपीएएम व सीपीआइ का प्रदर्शन

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के दमनकारी नीतियों के खिलाफ %बदलो सरकार बचाओ बिहार ÷ के अपील के साथ सीपीएम एवं सीपीआई के संयुक्त तत्वावधान में 17 सूत्री मांगों को लेकर समाहर्ता के समक्ष प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व सीपीएम के जिला सचिव फूल मोहम्मद अंसारी एवं सीपीआई के जिला सचिव तारकेश्वर यादव ने किया। मुख्य मांगों में जन-वितरण प्रणाली के तहत 35 किलोग्राम राशन एवं अन्य आवश्यक सामग्री की आपूर्ति, किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी, बेघरों को 10 डिसमिल ज़मीन एवं मकान, प्रतापपुर कोठी में बसे किसानों को तत्काल अधिकार पत्र देना, किसानों, बेरोजगारों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन 3000 रुपये देने, 200 यूनिट बिजली मुफ्त देने, बढ़ते अपराधों पर रोक लगाने आदि मांगों को लेकर स्मार पत्र समाहर्ता को सौंपा गया। प्रदर्शन स्थल पर आयोजित सभा को सीपीएम के राज्य सचिव मंडल सदस्य अहमद अली, पूर्व जिला मंत्री अर्जुन यादव, परमा चौधरी, गणेश राम, योगेंद्र सिंह, अधिवक्ता रवींद्र सिंह तथा सीपीआई के अधिवक्ता इरफान अहमद, राजेंद्र सिंह, भरत प्रसाद, परशुराम प्रसाद, सुरेंद्र तिवारी आदि ने संबोधित किया।

# सड़क दुर्घटना में घायल छात्रा की इलाज के दौरान मौत

**गुठनी (सिवान)** ~थाना क्षेत्र के गुठनी-दरौली- मांझी पथ पर स्थित बरपलिया गांव के समीप 12 मार्च को निजी बस से कुचलने से दो छात्राएं घायल हो गई थीं। घायलों को इलाज के लिए गोरखपुर मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान एक छात्रा की मौत हो गई। मृतका की पहचान मैरवा थाना क्षेत्र के परसिया निवासी राबिया खातून के रूप में हुई है। इस घटना के बाद स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।बताया जाता है कि मैरवा थाना क्षेत्र के परसिया निवासी राबिया खातून तथा गुठनी थाना क्षेत्र के बरपलिया निवासी रफीक अंसारी की पुत्री आयशा खातून 12 मार्च को विद्यालय जा रही थी। तभी बरपलिया गांव के समीप एक दरौली की ओर से आ रही निजी स्कूल के बीस की चपेट में आने से घायल हो गई। दोनों घायलों को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से चिकित्सक द्वारा प्राथमिकी उपचार के बाद दोनों को रेफर कर दिया गया। स्वजन घायल छात्राओं को गोरखपुर मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराए जहां इलाज के दौरान बुधवार की रात राबिया खातून की मौत हो गई। इस घटना की सूचना मिलते ही स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। बताया जाता है कि राबिया खातून बरपलिया अपने नाना शाह मुहम्मद अंसारी के घर रहकर पढ़ाई करती थी।

# ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवक घायल, रेफर

**तरवारा (सिवान)।** जीबी नगर थाना क्षेत्र के तरवारा स्थित भारतीय स्टेट बैंक के समीप गुरुवार की सुबह ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को उपचार के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया जहां से चिकित्सक द्वारा प्राथमिकी उपचार के बाद पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। घायलों की पहचान थाना क्षेत्र के भरतपुरा मठिया निवासी ललन भारती के पुत्र संपत कुमार और मुद्रिका यादव के पुत्र बिट्टू कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता है कि संपत कुमार एवं बिट्टू कुमार एक ही बाइक पर सवार होकर तरवारा से अपने घर भरतपुरा मठिया लौट रहे थे। इस दौरान भारतीय स्टेट बैंक के समीप सिवान की ओर जा रहे ट्रक को ओवरटेक करने के दौरान अनियंत्रित होकर गिर पड़े और ट्रक की चपेट में आने से घायल हो गए। घटना के बाद ट्रक चालक गाड़ी लेकर भागने में सफल रहा। घटना की जानकारी होते ही काफी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर एकत्रित हो गए। समाजसेवी राकेश यादव ने स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया जहां से चिकित्सक द्वारा घायलों का प्राथमिक उपचार के करने के बाद पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष रितेश कुमार मंडल ने घटनास्थल पर पहुंच घटना की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस गश्ती दल पर शराब तस्करों की फायरिंग

**दैनिक खोज खबर/जलालपुर(सारण)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सुकसेना नहर पर बीती रात्रि 12~30 से 1~00 के बीच पुलिस गश्ती दल पर स्कार्पियो से जा रहे शराब तस्करों ने फायरिंग कर दी। जिसमे एएस आई बहादुर यादव बाल बाल बचे। जवाबी फायरिंग किए जाने पर शराब तस्कर स्कॉर्पियो छोड फरार हो गए।ए एस आई बहादुर यादव ने इसकी सूचना तत्काल जलालपुर थाना अध्यक्ष को दी।थाना अध्यक्ष राहुल कुमार तुरंत घटनास्थल पर दलबल के साथ पहुंचे। पुलिस बल ने स्कॉर्पियो को 20 कार्टून शराब के साथ कब्जे मे ले लिया।वही इस घटना में दो बादमाशो को भी पुलिस ने पकड़ा है।आरोपियो से पुलिस द्वारा पूछताछ की जा रही है।

# बकरी चराने के विवाद में महिला से मारपीट

**मढ़ौरा।** थानाक्षेत्र के चनना में बकरी चराने के विवाद में छह लोगों ने मिलकर एक महिला के साथ मारपीट किया । मामले में महिला की शिकायत पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। दर्ज प्राथमिकी में चनना निवासी रीता देवी ने कहा है कि बकरी चराने को लेकर उसके पटिदार राजेन्द्र राय, वीरेन्द्र राय, जितेन्द्र राय, फुलकुमारी देवी व बिटु कुमार सभी उसकी छः वर्षीय बेटी को पीट रहे थे। जब वह बीच बचाव करने पहुंची तो सभी आरोपी लाठी, फैट, मुक्का से उसके साथ मारपीट किये जिससे वह बुरी तरह जख्मी हो गयी।

# चाकूबाजी और मारपीट मामले में प्राथमिकी

**मढ़ौरा ।** थानाक्षेत्र के मुबारकपुर में बाजार से खरीदारी करके घर लौट रहे सुकसेना निवासी शिवजी राय को चार लोगों ने मिलकर मारपीट किया। मामले में पुलिस ने जख्मी के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी है। दर्ज प्राथमिकी में बताया है कि वह बाजार से खरीदारी करके घर वापस लौट रहा था। तभी मुबारकपुर निवासी मिथुन राय, महावीर साह, सुरज साह व सुकदेव साह सभी एक साथ मिलकर गाली गलौज करने लगे। जब उसने विरोध किया तो आरोपी चाकू चला दिये जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया इस दौरान आरोपी ने उसके साथ मारपीट भी की।

# बाइक दुर्घटना में तीन घायल, सदर रेफर

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के अलग-अलग गांवों में बाइक दुर्घटना में तीन लोग घायल हालत में इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर किए गए। पहला दुर्घटना थाना क्षेत्र के बंगरा पेट्रोल पंप के पास एन एच 227 ए राम जानकी पथ पर अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार दो घायल हो गए। घायल सीवान जिले के बसंतपुर थाना क्षेत्र के सोहिल पट्टी गांव निवासी दीनानाथ राय का 23 वर्षीय पुत्र राजेन्द्र राय और गोपालगंज जिले के फैजुल्लाहपुर गांव निवासी स्व एकबाल राय का 55 वर्षीय पुत्र विधार्थी राय के रूप में हुई। घटना के बारे में बताया गया दोनों बाइक से मशरक बाजार आ रहे थे कि अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आ गए। दूसरी दुर्घटना मशरक थाना क्षेत्र के चरिहारा गांव में बाइक दुर्घटना में युवक घायल हो गया। घायल की पहचान चरिहारा गांव निवासी चंद्रिका सहनी का 18 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार के रूप में हुई। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया। घायलों को गश्ती दल ने इलाज के लिए भर्ती कराया।

# नगर पंचायत के अग्निकांड पीड़ित को मिला मुवाअजा का चेक

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक अंचल कार्यालय परिसर में सीओ सुमंत कुमार ने पूर्व मुखिया प्रतिनिधि अमर सिंह की मौजूदगी में नगर पंचायत क्षेत्र के मुन्नी मोड़ निवासी अग्निकांड पीड़ित को मुवाअजा का चेक सौंपा गया। पूर्व मुखिया प्रतिनिधि अमर सिंह ने बताया कि मुन्नी मोड़ निवासी आशा देवी पति छोटन साह के करकटनुमा शेडनुमा मकान में खाना बनाने के दौरान चिंगारी से आग लग गई थी। जिसमें पीड़ित परिवार को मुवाअजा का चेक मिला।

# मशरक में मिठाई दुकान में लगीं आग

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक रेलवे जंक्शन के पास प्रसिद्ध रामप्रीत समोसा मिठाई दुकान में बुधवार की रात भीषण आग लगने से सारा सामान जलकर राख हो गया है। अग्निकांड पीड़ित दुकानदार ललन महंतों ने बताया कि प्रतिदिन की तरह बुधवार की रात्री में दुकान बंद कर चलें गये, रात में ही बगल के दुकानदारों ने फोन पर दुकान में आग लगनें को बताया, जब तक वे दुकान पहुंचते तब तक दुकान में एक लाख रुपए तक की संपति जलकर राख हो गई। आग दुकान के पीछे फेके गये जलते कचरे से दुकान में लगीं। आग ने दुकान के अंदर मिक्सी ग्राइंडर, म्यूजिक सिस्टम, चौकी, बिछावन, चीनी, बिजली का मीटर, बोर्ड, वायरिंग समेत अन्य सामान जलाकर राख कर दिया।

# मारपीट कर झोपड़ी में लगाई आग, प्राथमिकी

**सिसवन (सिवान)।** चैनपुर थाना क्षेत्र के नगई निवासी धर्मेंद्र राम की झोपड़ी में कुछ लोगों द्वारा आग लगाने तथा फायरिंग करने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में पीड़ित धर्मेंद्र राम ने थाना में आवेदन देकर तीन नामजद तथा चार अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है। धर्मेंद्र राम ने आरोप लगाया है कि बुधवार की रात करीब 10~50 बजे अपने घर पर बैठा था तभी गांव के हरेंद्र ओझा, सोनू ओझा और सोनू यादव सहित तीन-चार अज्ञात लोग बंदूक व हथियार लेकर हमारे दरवाजे पर आ गए और गाली देने लगे। इसका विरोध करने पर सोनू ओझा और हरेंद्र ओझा मुझ पर फायरिंग कर दी। मैं किसी तरह जमीन पर गिर कर अपनी जान बचाई। मेरे द्वारा शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण एकत्रित होते हुए तब तभी हरेंद्र ओझा और सोनू यादव हमारे झोपडी में आग लगा दिए जिससे झोपड़ी में रख अनाज, कपड़ा समेत अन्य सामान जल गए। पीड़ित अपने आवेदन में बताया है कि आरोपितों ने पूर्व में हुए केश उठाने की धमकी दे रहे थे। घटना की सूचना डायल 112 को दी गई। मौके पर पुलिस पहुंच घटना की जानकारी ली। थानाध्यक्ष गौरव सिन्हा ने बताया कि आवेदन मिला है। मामले की जांच की जा रही है।

# चाकू से हमला कर युवक को घायल करने के मामले में चार नामजद

**हुसैनगंज(सिवान)।** थाना क्षेत्र के सरेया निवासी सुनीता देवी ने थाना में आवेदन देकर गांव के ही चार लोगों पर चाकू से प्रहार कर घायल करने का आरोप लगाया है। उसने आरोप लगाया है कि पांच मार्च को मेरा पुत्र शैलेश कुमार टुन्ना साह के बगीचे की ओर खेलने गया था। इसी बीच गांव केश्रवण कुमार साह एवं अरविंद कुमार उसके साथ गाली गलौज करने लगे। मेरे पुत्र द्वारा मना करने पर श्रवण कुमार ने चाकू से प्रहार कर मेरे पुत्र को घायल कर दिया। पुत्र का इलाज निजी अस्पताल में कराया गया। जब मैं पूछताछ करने उनलोगों के घर गई तो उनके स्वजन रिंकू देवी एवं सलोसनी देवी ने गाली गलौज करते हुए मेरे साथ मारपीट करने लगी तथा आरोपित मुकदमा नहीं करने की धमकी देने लगा। थानाध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ने बताया कि आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी कर कार्रवाई की जा रही है।

# ट्रक से धक्का लगने से बाइक सवार दो भाई घायल

**भगवानपुर हाट (सिवान)।** थाना क्षेत्र के सारीपट्टी गांव के समीप गुरुवार को एनएच 331 पर ट्रक से धक्का लगने से बाइक सवार दो भाई घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों का उपचार एक निजी क्लिनिक में कराया गया। वहीं घटना के बाद चालक ट्रक लेकर भागने में सफल रहा। घायल युवक की पहचान हिलसड़ निवासी अंकित कुमार तथा अनिकेत कुमार के रूप में हुई है।

## दारौंदा -मो. खालिद हत्या मामले में दो गिरफ्तार , जेल

**परवेज अख्तर/सीवान।** दारौंदा थाना क्षेत्र के बगौरा में 14 मार्च को जन्म दिन पार्टी के दौरान गांव के ही युवक मो. खालिद की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में मृतक के पिता क्यामुद्दीन अंसारी ने थाना में आवेदन देकर मदारीचक निवासी पप्पू सिंह एवं अन्य दो लोगों को आरोपित किया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया है तथा कार्रवाई के बाद गुरुवार को जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार लोगों में मदारीचक निवासी पप्पू सिंह एवं करीमन यादव शामिल हैं। थानाध्यक्ष छोटन कुमार ने बताया कि बुधवार की देर शाम गुप्त सूचना पर सिवान-छपरा मुख्य पथ पर ढोलकिया पुल के समीप छापेमारी की गई। पुलिस को देख दोनों आरोपित भागने लगे, तभी पुलिस ने पीछा कर दोनों आरोपितों को दबोच लिया। उन्होंने बताया कि पप्पू सिंह मुख्य आरोपित है जबकि करीमन यादव अप्राथमिकी अभियुक्त है। एक अन्य आरोपित की गिरफ्तारी के लिए संदेहात्मक ठिकाने पर छापेमारी की जा रही है। तीसरे आरोपित को भी शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## बैठक में दावत- ए- इफ्तार की सफलता पर चर्चा

**बड़हरिया (सिवान)** -प्रखंड के बीएसबी आंबेडकर महाविद्यालय में गुरुवार को महाविद्यालय के प्राचार्य सह सचिव प्रो. ई. आलोक कुमार की अध्यक्षता में सभी शिक्षकों व शिक्षकेत्तर कर्मियों की बैठक् हुई। बैठक में महाविद्यालय परिसर में 23 मार्च दावत-ए-इफ्तार कराने पर चर्चा हुई। साथ ही इसे सफल बनाने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में दावत-ए-इफ्तार में होने वाले व्यय प्रस्ताव पर चर्चा हुई। इस मौके पर प्रो. रामबदन यादव, प्रो. राजेंद्र रावत, प्रो. सत्येंद्र कुमार अभय, प्रो. मोतीचंद साह, लालबाबू यादव, दीपक शर्मा, सुनैना देवी, बीरबल गिरि, टुनटुन शर्मा, जगलाल यादव, बबीता देवी, चंद्रावती देवी, आशा देवी, राबड़ी देवी समेत अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## दावत-ए इफ्तार से होता है आपसी भाईचारा व समरसता कायम

**दैनिक खोज खबर/हसनपुरा(सिवान)।** प्रखंड के पियाउर में गुरुवार को दावत-ए्-इफ्तार का आयोजन किया गया। इस क्षेत्र में अमनचैन की दुआ की गई। इस दौरान आयोजक मुखिया इम्तियाज अहमद ने कहा कि दावत-ए-इफ्तार से आपसी भाईचारा एवं समरसता कायम होता है। इस मौके पर प्रबुद्ध, समाजसेवी व गणमान्य लोग लोग शामिल हुए। मुख्य अतिथि के तौर पर डा. शाहनवाज आलम व अन्य थे। इस मौके पर आयोजनकर्ता ने सभी अतिथियों व रोजेदारों का स्वागत करते हुए कहा कि पूजा और इबादत दो नहीं है, बल्कि एक ही है। तरीके भले ही अलग-अलग हो। मुस्लिम भाइयों के लिए रमजान का महीना पाक पवित्र और रहमतों वाला है। एक भूखा, प्यासा व्यक्ति के लिए पानी और अन्न कितना महत्वपूर्ण है, यह महसूस करने का अवसर है। यही कारण है कि इसके समाप्ति पर गरीब गुरबों के लिए मुस्लिम भाई अपने कमाई का कुछ हिस्सा निकालते हैं।

## क्रिकेट खेलने के विवाद में हुई मारपीट मामले में प्राथमिकी

**हुसैनगंज(सिवान)।** थाना क्षेत्र के हथौड़ा टोले सिरकटही निवासी राजा कुमार साह ने 19 मार्च को थाना में आवेदन देकर गांव के ही तैयब, नजरू, हसन समेत अन्य के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है। आवेदन में कहा है कि बुधवार की दोपहर मेरा छोटा भाई राजन कुमार अपने दोस्तों के साथ क्रिकेट खेल रहा था। तभी बगल में गांव के तैयब, नजरू, हसन एवं कुछ अन्य लड़के आकर जबरन खेलने लगे। मना करने पर स्टंप उखाड़कर मैदान खोदने लगे तथा बैट व स्टंप से मारकर मेरे भाई को जख्मी कर दिए। शाम को जब मैं अपना ठेला लेकर वापस लौट रहा था, तो रास्ते में इदु धोबी व अन्य लाठी- डंडे लेकर लूटपाट व तोड़फोड़ करने लगे तथा मुझे भी मारपीट कर घायल कर दिए। स्वजनों द्वारा मेरा इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया। इस मामले में थानाध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ने बताया कि सभी आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी कर कार्रवाई की जा रही है।

## तिलक समारोह में हर्ष फायरिंग मामले में एक गिरफ्तार

**दारौंदा (सिवान)।** थाना क्षेत्र के रामचंद्रापुर में तिलक समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग मामले में पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष छोटन कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित कुंदन कुमार बताया जाता है। उन्होंने बताया कि 22 फरवरी को रामचंद्रापुर गांव में एक तिलक समारोह में आर्केस्ट्रा का कार्यक्रम चल रहा था। इसमें इस दौरान एक युवक द्वारा हर्ष फायरिंग किया गया। इसका वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित होने लगा। 25 फरवरी को प्रसारित वीडियो की जांच की गई। इससे पता चला कि रामचंद्रापुर निवासी चंदन कुमार के तिलक समारोह में आर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया था। इस दौरान स्टेज पर नर्तकियां अपने हाथ और कमर में तीन-चार हथियार लेकर नृत्य कर रही थी। इसके अलावा समारोह में मौजूद कुछ लोगों ने हर्ष फायरिंग भी की। प्रसारित वीडियो के आधार पर पुलिस संदिग्धों की पहचान करने में जुटी थी। इस मामले में प्राथमिकी की गई थी। इसमें पुलिस ने पहचान कर कुंदन कुमार को गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायालय भेज दिया।

## ट्रक चालक की मौत मामले में यूडी दर्ज

**गोरेयाकोठी (सिवान)।** थाना क्षेत्र के बांसघाट बाजार के समीप 18 मार्च की रात हरपुर-दुधड़ा मार्ग पर उच्च क्षमता वाले विद्युत तार की चपेट में आने से ट्रक चालक की मौत हो गई थी। मृतक की पहचान बड़हरिया थाना क्षेत्र के बभनबारा निवासी गुड्डू कुमार के रूप में हुई थी। इस मामले में थाना में यूडी दर्ज की गई है। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि मृतक की मां उर्मिला देवी के आवेदन पर सनहा दर्ज की गई है। ज्ञात हो कि मंगलवार की शाम बड़हरिया थाना क्षेत्र के बभनबारा निवासी गुड्डू कुमार ट्रक से बालू लेकर बाजार के नजदीक आया था। बालू गिराने के बाद वह घर लौट रहा था। इस दौरान ट्रक मुख्यमार्ग पर नीचे से गुजर रहे बिजली तार के संपर्क में आने से झुलस गया था। आसपास के ग्रामीण उसे उपचार के लिए गोरेयाकोठी अस्पताल ले गए जहां चिकित्सक द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया।

## लाभुक किसी को नाम जोड़ने के लिए न दें राशि

**पचरुखी (सिवान)।** प्रखंड विकास पदाधिकारी वैभव शुक्ल ने गुरुवार को प्रखंड के महुआरी, उखई व भटवलिया के महादलित टोले का आवास योजना को ले चल रहे सर्वे कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लाभुकों से कहा कि सर्वे कार्य निन्शुल्क है। वे नाम जोड़ने में किसी को भी राशि नहीं दें। जिन लाभुकों का नाम सर्वे में जाब कार्ड या आधार जैसी तकनीकी समस्या के कारण नहीं जुड़ पाया था, उसे आन द स्पाट समाधान कर नाम जोड़ा गया। इसके अलावा उन्होंने महादलित टोले में बिजली, पानी, पेंशन, राशन, गली-नली जैसी बुनियादी सुविधाओं की जांच पड़ताल की गई। इस दौरान महुआरी के दो, भटवलिया के चार पात्रों का पेंशन का फार्म भी मौके पर विकास मित्र द्वारा भरा गया। निरीक्षण के दौरान महादलित टोलों में शौचालय न होने में लोगों के पास जमीन न होना एक प्रमुख कारण पाया गया। इस मौके पर रोजगार से जोड़ने के लिए जीविका के बीपीएम, मनरेगा के पदाधिकारी से जाब कार्ड बना कर शीघ्र राहत देने की बात कही गई।

## बिहार राज्य जूनियर महिला हैंडबॉल टीम गठन को लेकर चयन सह प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ



**दैनिक खोज खबर/मैरवा(सिवान)।** हैंडबॉल एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया द्वारा उत्तर प्रदेश के लखनऊ में 25 मार्च से 30 मार्च 2025 तक आयोजित राष्ट्रीय जूनियर महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप में भाग लेने वाली बिहार टीम के गठन हेतु रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स अकैडमी मैरवा में हैंडबॉल एसोसिएशन ऑफ़ बिहार द्वारा चयन सह प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया ।हैंडबॉल एसोसिएशन आफ सिवान की सचिव सलमा खातून ने बताया कि बिहार की 18 सदस्यीय टीम के गठन के लिए नवादा, पटना,भोजपुर ,भागलपुर, बेगूसराय सिवान रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स अकैडमी मैरवा की तीन दर्जन खिलाड़ी चयन एवं प्रशिक्षण शिविर में भाग ले रही है। यह चयन सा प्रशिक्षण शिविर 23 मार्च 2025 तक चलेगा दिन में बेहतर प्रदर्शन करने वाली 18 खिलाड़ियों को बिहार टीम में शामिल कर राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु लखनऊ भेजा जाएगा इन खिलाड़ियों को चयनित एवं प्रशिक्षित करने के लिए हैंडबॉल एसोशिएशन ऑफ बिहार ने एन आई एस कोच विवेक कुमार सिंह, राष्ट्रीय सीनियर खिलाड़ी सुमन कुमारी, अंतर्राष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी रागिनी कुमारी,को अधिकृत किया है ।

## कार्य को लेकर कई गाड़ी निरस्त व पुनर्निर्धारण

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** रेलवे प्रशासन द्वारा परिचालनिक सुगमता हेतु वाराणसी मंडल के छपरा कचहरी-थावे खंड पर सीमित ऊंचाई के सब-वे निर्माण हेतु यातायात एवं पावर ब्लाक दिये जाने के कारण गाड़ियों का निरस्तीकरण, पुनर्निर्धारण एवं शार्ट ओरिजिनेशन किया गया है। वाराणसी मंडल के जनसम्पर्क अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि निरस्तीकरण थावे से 24 एवं 29 मार्च को चलने वाली 55109 थावे-छपरा कचहरी सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। वहीं पुनर्निर्धारण में छपरा कचहरी से 24 एवं 29 मार्च को चलने वाली 55104 छपरा कचहरी-थावे सवारी गाड़ी, छपरा कचहरी से 150 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलाई जाएगी। छपरा से 24 मार्च को चलने वाली 05193 छपरा-शहीद कप्तान तुषार महाजन (उधमपुर) विशेष गाड़ी, छपरा से 60 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलाई जाएगी। शार्ट ओरिजिनेशन छपरा कचहरी से 24 एवं 29 मार्च को चलने वाली 55101 छपरा कचहरी-मऊ सवारी गाड़ी छपरा कचहरी के स्थान पर सिवान से चलाई जाएगी। यह गाड़ी छपरा कचहरी से सिवान के मध्य निरस्त रहेगी।

## जनजागरूकता को लेकर अग्निशमन विभाग ने की बैठक

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** अगलगी की घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से अग्निशमन विभाग शहरी व ग्रामीण इलाकों में जन जागरुकता अभियान चला रहा है। इसी को लेकर पुलिस लाइन स्थित अग्निशमन कार्यालय में गुरुवार को बैठक की गई। अग्निशमन पदाधिकारी आशीष कुमार यादव ने बताया कि विभिन्न पंचायतों के मुखिया के साथ जन जागरुकता सभा का आयोजन किया गया। अग्नि सुरक्षा की जानकारी दी गई। माक ड्रिल के माध्यम से अग्नि सुरक्षा के बारे में जानकारी दी गई। मौके पर मुखिया चंदन सिंह, परमानंद महतो, रूमाना खातून, बलिष्टर प्रसाद, रविंद्र कुमार यादव, दीपक कुमार, नंदलाल राम, विनोद यादव सहित दर्जनों मुखिया व कर्मी मौजूद थे।

## तिलक समारोह में हर्ष फायरिंग मामले में एक गिरफ्तार

**परवेज अख्तर/सीवान।** दारौंदा थाना क्षेत्र के रामचंद्रापुर में तिलक समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग मामले में पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष छोटन कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित कुंदन कुमार बताया जाता है। उन्होंने बताया कि 22 फरवरी को रामचंद्रापुर गांव में एक तिलक समारोह में आर्केस्ट्रा का कार्यक्रम चल रहा था। इसमें इस दौरान एक युवक द्वारा हर्ष फायरिंग किया गया। इसका वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित होने लगा। 25 फरवरी को प्रसारित वीडियो की जांच की गई। इससे पता चला कि रामचंद्रापुर निवासी चंदन कुमार के तिलक समारोह में आर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया था। इस दौरान स्टेज पर नर्तकियां अपने हाथ और कमर में तीन-चार हथियार लेकर नृत्य कर रही थी। इसके अलावा समारोह में मौजूद कुछ लोगों ने हर्ष फायरिंग भी की। प्रसारित वीडियो के आधार पर पुलिस संदिग्धों की पहचान करने में जुटी थी। इस मामले में प्राथमिकी की गई थी।

## बाजार व मेला सैरात की बंदोबस्ती 26 को

**सिसवन (सिवान)** -प्रखंड के चैनपुर बाजार तथा मेंहदार सरकारी मेल सैरात की बंदोबस्ती की प्रक्रिया 26 मार्च को प्रखंड कार्यालय में की जाएगी। बोली में भाग लेने के लिए 7680 रुपये प्रखंड नाजीर के पास जमा करना होगा। यह जानकारी बीडीओ राजेश कुमार ने दी।

## संकुल स्तरीय पर एफडीडीसी के तहत महिलाओं को किया गया सम्मानित

**रघुनाथपुर (सिवान)।** प्रखंड मुख्यालय में रघुनाथपुर भविष्य महिला जीविका सहयोग समिति में प्रखंड परियोजना पदाधिकारी ए कुमार, चकरी में अमरेश कुमार छाया संकुल, टारी में वरुण कुमार संस्कार संकुल के नेतृत्व में बुधवार को पारिवारिक आहार विविधता अभियान के तहत स्वास्थ्य उप समिति के नौ-नौ एवं कंयुनिस्ट मोबालाइजर के तीन-तीन जीविका दीदियों को समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया। एचएनएस नोडल अमरेश कुमार ने बताया कि लाभार्थी महिलाओं को पूरे छह माह प्रसव पूर्व जांच, समय पर टीका, खाद्य समूह को अपने भोजन में शामिल करने, पौष्टिक आहार समय- समय पर लेने, प्रसव के दौरान घातक रोगों से बचाव, धात्री महिलाओं को अपने शिशु को समय-समय पर टीका, विविधता आहार, बच्चों की निगरानी सहित अन्य विषय पर जानकारी दी गई। इस मौके पर सुंदर लाल पासवान, विभा कुमारी, सुमन देवी, अनीता देवी, चंद्रावती देवी, चिरंजीवी कुमार सिंह, सौरव कुमार, रिंकी कुमारी, प्रियंका कुमारी सिंह, कंचन कुमारी आदि जीविका दीदी उपस्थित थीं।

### अंतरिक्ष से धरती पर लौटने पर खुशी

रघुनाथपुर (सिवान)। अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विलमोर अन्य दो अंतरिक्ष यात्रियों के साथ बुधवार को धरती पर वापस लौट आए। इस पर प्रखंड की महिलाओं ने उनके लंबी आयु की कामना करते हुए बधाई दी है। राजपुर निवासी रंभा सिंह ने बताया कि अंतरिक्ष यात्री को नौ माह बाद भारत की धरती पर सकुशल लौटने पर पूरे देश की लोगों को गर्व है। इसे भारत वर्ष में उन्हें याद किया जाएगा। उन्होंने आज दुनिया में एक इतिहास रच दी है। वहीं रिंकी कुमारी ने बताया कि ये देश की युवतियों के लिए मार्गदर्शन की काम कर रही हैं तथा महिलाओं के लिए सम्मान दिलाने को साबित कर दी हैं। वहीं पंजवार निवासी कंचन कुमारी बताया कि अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स पर पूरा देश गर्व कर रहा हैं जो सदियों तक याद रखा जाएगा। वहीं खुशी व्यक्त करने वालों में प्रियंका कुमारी, चंद्रावती देवी, सुमन देवी, सुनीता देवी, राजकुमारी देवी आदि महिलाएं शामिल हैं।

## एसपी ने महादेवा व यातायात थाना का किया निरीक्षण

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** एसपी ने बुधवार की शाम महादेवा व यातायात थाना का निरीक्षण किया। इस दौरान एसपी ने मासिक कार्य विवरणी, मालखाना, चार्जशीट, स्टेशन डायरी समेत अभिलेखों की जांच की। साथ ही हत्या, लूट, जैसी संगीन आपराधिक घटनाएं व लंबित मामलों को लेकर कई आवश्यक निर्देश दिये। पुलिस पदाधिकारियों को कांडों में फरार अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी करने, वाहन चेकिंग, रात्रि गश्ती, बैंक एटीएम की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चौकस रहने का निर्देश दिया। एसपी ने बताया कि महादेव थाना का निरीक्षण के दौरान थाना में संधारित विभिन्न पंजीयों, अभिलेखों, तरिख्तयों, दस्तावेजों और लंबित कांडों के निष्पादन की स्थिति का गहन अवलोकन कर थाना में कार्यों की प्रगति और कांडों के शीघ्र निष्पादन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बताया कि यातायात थाना का विधिवत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना में संधारित विभिन्न अभिलेखों, तख्तियों, दस्तावेजों का अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## 22 को होगा अटल विरासत सम्मान समारोह

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** आगामी 22 मार्च को अटल विरासत सम्मान समारोह का आयोजन को लेकर जिलाध्यक्ष राहुल तिवारी ने गुरुवार को तैयारी का समीक्षा किया। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु अलग-अलग कार्यों का बंटवारा किया है। इस अवसर पर राहुल तिवारी ने कहा अटल बिहारी वाजपेई का जीवन काल भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के प्रेरणा पुंज है। अटल बिहारी वाजपेई कवि हृदय सम्राट थे। उनके कविताओं में आम गरीबों के लिए दर्द से झलकता था एवं राजनीतिक दूरदर्शिता भी रहता था। अटल के समय में जनसंघ जनता पार्टी एवं भारतीय जनता पार्टी विचार परिवार में कार्य करने वाले वैसे देव दुर्लभ कार्यकर्ताओं का अटल बिहारी वाजपेई के जन्म शताब्दी वर्ष पर सम्मानित करने का फैसला लिया है। यह कार्यक्रम 22 तारीख को अटल सभागार चांप ढाला पर होगा। उसमें बिहार सरकार के वरिष्ठ मंत्री मंगल पांडेय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

## 25 हजार के इनामी बदमाश ने किया आत्मसमर्पण

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** जिले के 25 हजार के इनामी कुख्यात बदमाश ने न्यायालय आत्मसमर्पण किया । पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 18 मार्च को न्यायालय ए सीजेएम-चार के न्यायालय में जीबी नगर थाना कांड संख्या-390/23,13 अक्टूबर 23 धारा-396 भादवि एवं 27 आर्म्स एक्ट के नामजद अभियुक्त पचरुखी थाना क्षेत्र के हरदिया निवासी सुरेंद्र भगत द्वारा पुलिस दबिश में आत्मसमर्पण किया गया।

## सड़क दुर्घटना में चाचा भतीजा घायल

**सिवान।** रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के दुदहा गांव के समीप गुरुवार को सड़क दुर्घटना में चाचा और भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों की पहचान प्रमोद चौहान और उसका भतीजा शत्रुघ्न शामिल है। घटना के संबंध में प्रमोद ने बताया कि हम अपने बुआ के घर पिकअप लेकर गए हुए थे। वापस लौट के दौरान दुदहा के समीप स्ट्रिंग फेल हो गई। जहां पिकअप पेड़ से टकरा गई। इससे हम लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

## ट्रक चालक की मौत मामले में यूडी दर्ज

**गोरेयाकोठी (सिवान)** -थाना क्षेत्र के बांसघाट बाजार के समीप 18 मार्च की रात हरपुर-दुधड़ा मार्ग पर उच्च क्षमता वाले विद्युत तार की चपेट में आने से ट्रक चालक की मौत हो गई थी। मृतक की पहचान बड़हरिया थाना क्षेत्र के बभनबारा निवासी गुड्डू कुमार के रूप में हुई थी। इस मामले में थाना में यूडी दर्ज की गई है। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि मृतक की मां उर्मिला देवी के आवेदन पर सनहा दर्ज की गई है। ज्ञात हो कि मंगलवार की शाम बड़हरिया थाना क्षेत्र के बभनबारा निवासी गुड्डू कुमार ट्रक से बालू लेकर बाजार के नजदीक आया था। बालू गिराने के बाद वह घर लौट रहा था। इस दौरान ट्रक मुख्यमार्ग पर नीचे से गुजर रहे बिजली तार के संपर्क में आने से झुलस गया था। आसपास के ग्रामीण उसे उपचार के लिए गोरेयाकोठी अस्पताल ले गए जहां चिकित्सक द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया।

